पंजाब केसरी 22/08/2025

स्टार्टअप पर कार्यक्रम का आयोजन

अम्बाला, 21 अगस्त (बलराम): जी.एम.एन. क़ॉलेज, अम्बाला कैंट में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में एंटरप्रेन्योरशिप क्लब और आई.डी.सी. ने उभरते उद्यमियों, जो हमारे स्थानीय नायक हैं, के अनुभव को सांझा करके स्टार्टअप पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीयूष रिसोर्सपर्सन रहे, जिन्होंने छात्रों के बीच अपना अनुभव सांझा किया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

छात्रों ने सैमीनार में ऊर्जावान योगदान दिया और प्रासंगिक प्रश्न पूछे। सैमीनार में प्रथम वर्ष के लगभग 60 छात्र शामिल हुए। इस सैमीनार की संयोजक असिस्टेंट प्रोफैसर नीलम थीं। राममूर्ति और डा. सुषमा शर्मा, डा. सुमन और डा. पिंकी के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि दुनिया भर के कई देशों द्वारा सामना की जा रही आर्थिक चुनौतियों के कारण छात्रों के बीच अधिक उद्यमशीलता गतिविधि को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। यह कार्यक्रम एक परिवर्तनकारी पहल होगी, जिसका उद्देश्य कम उम्र में छात्रों में उद्यमशीलता कौशल विकसित करना है।

इसे युवा छात्रों को उद्यमिता को करियर के रूप में अपनाने के लिए मार्गदर्शन और प्रेरित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस कार्यक्रम ने छात्रों को व्यापक शिक्षण अनुभव प्रदान किया।

कार्यक्रम में जानकारी देते वक्ता। (चंद्रमोहन)

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)